<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–12 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मॉरीशस के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होने वाले बने पहले भारतीय। श्री मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को भेंट किया प्रयागराज महाकुंभ के संगम का पवित्र जल।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी में किया संयुक्त क्रेडिट कैम्प का शुभारम्भ। कहा– नये भारत का नया उत्तर प्रदेश अपने पूरे सामर्थ्य के साथ बढ़ रहा है आगे।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में प्रदेश के एक दशमलव आठ छः करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलिण्डर की सब्सिडी करेंगे वितरित। जौनपुर में चल रहे महोत्सव में भी होंगे शामिल।
- मथुरा में छड़ी मार होली और वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर भस्म होली की धूम। भारी संख्या में उमड़े श्रद्धालु।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मॉरिशस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार और की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने कल शाम पोर्ट लुइ में भारतीय प्रवासियों के एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को सम्मान प्रदान करने की घोषणा की। ये श्री मोदी को मिलने वाला इस तरह का 21वां सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित होने पर मॉरिशस के लोगों और सरकार को धन्यवाद दिया।

***मॉरीशस की सरकार ने मुझे अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का फैसला लिया है। मैं आपके निर्णय को विनम्रता से स्वीकार करता हूं। यह भारत और मॉरीशस के ऐतिहासिक रिश्तों का सम्मान है। यह उन भारतीयों का सम्मान है, जिन्होंने पीढ़ी दर पीढ़ी इस धरती की खूब सेवा की।***

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम और उनकी पत्नी वीना रामगुलाम को ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया–ओसीआई कार्ड जारी करने की भी घोषणा की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति धरमबीर गोखुल को पीतल व तांबे के बर्तन में महाकुंभ से संगम का पवित्र जल एवं उनकी पत्नी को सादेली शिल्पकला युक्त बनारसी साड़ी समेत अन्य उपहार भी भेंट किए। प्रधानमंत्री आज मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भी शामिल होंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल झांसी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत झांसी और चित्रकूट मंडल के संयुक्त क्रेडिट कैंप का शुभारंभ कर लाभार्थियों को ऋण का चेक वितरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नए भारत का नया उत्तर प्रदेश अपने पूरे सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ रहा है। बाइट.....(5 योगी)

***माफिया की गिरफ्त में आया हुआ प्रदेश आज उन्मुक्त वातावरण में विकास के नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। जो प्रदेश पहले बीमारू राज्य माना जाता था। आज देश का ग्रोथ इंजन बना हुआ है, जो प्रदेश कभी माना जाता था कि देश के विकास का एक ब्रेकर है वह प्रदेश देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बन करके भारत के विकास का ब्रेक थ्रू बन रहा है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम युवा का मकसद युवाओं को उद्यमी बनाकर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण यानी बीडा देश का सबसे बड़ा औद्योगिक नगर बनकर बुंदेलखंड को नई पहचान देगा। बाइट.....(4 योगी)

***बीडा के नाम पर बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण आपका बन रहा है। छप्पन हजार एकड़ क्षेत्रफल में देश का एक सबसे बड़े औद्योगिक नगर के रूप में झांसी कानपुर के बीच में किसी के पास नहीं। बुंदेलखंड की ताकत का एहसास अब दुनिया करेगी।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी द्वारा पीपीपी मॉडल पर बने 200 बेड के स्मार्ट हॉस्पिटल का उद्‌घाटन भी किया।

**********

प्रदेश के अंदर अब दस हजार और 25 हजार रूपये तक मूल्य वाले भौतिक स्टांप चलन से बाहर कर दिए गए हैं। स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी है। अब इस मूल्य वर्ग के स्टांप की बिक्री नहीं की जाएगी। अधिसूचना जारी होने की तिथि से पहले खरीदे गए संबंधित स्टांप पेपर का उपयोग करने या उनको वापस करने के लिए 31 मार्च की समय सीमा तय की गई है। विभागीय प्रमुख सचिव अमित गुप्ता की ओर से जारी अधिूसचना के मुताबिक स्टांप आयुक्त, महानिरीक्षक निबंधन, सभी मंडलायुक्त और डीएम को संबंधित मूल्य वर्ग के स्टांप के प्रयोग और वापसी की तिथि का व्यापक प्रचार प्रसार करने के आदेश दिए गए हैं। प्रदेश के स्टांप तथा पंजीयन मंत्री श्री रवींद्र जायसवाल ने कहा है कि यह एक क्रांतिकारी निर्णय है। इस कदम से ई स्टांप की बिक्री को प्रोत्साहन मिलेगा और उनकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**********

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि निःसंतान विधवा को पारिवारिक पेंशन अब पुनर्विवाह के बाद भी जारी रहेगी, बशर्ते कि अन्य स्रोतों से उसकी आय उसे मिल रही न्यूनतम पारिवारिक पेंशन से कम हो। उन्होंने नई दिल्ली में

स्वैच्छिक एजेंसियों की स्थायी समिति की 34वीं बैठक को संबोधित करते हुए कल ये जानकारी दी। डॉ. सिंह ने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि सरकार ने महिलाओं से संबंधित सेवा नियमों में कई सुधार किए हैं, जो समाज के बदलते मानदंडों के साथ आवश्यक थे। उन्होंने कहा कि तलाकशुदा या अलग हुई बेटियों के लिए अब पारिवारिक पेंशन उपलब्ध है। इसके लिए अदालत में तलाक के लंबित मुकदमे के नतीजे की जरूरत नहीं होगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पावन पर्व होली से पहले आज लखनऊ में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत एक हजार आठ सौ नब्बे करोड़ की धनराशि से प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण करेंगे। इसके बाद जौनपुर में चल रहे तीन दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 1001 जोड़ो को अपना आशीर्वाद प्रदान करने के साथ ही संबोधित भी करेंगे। महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, के साथ ही पर्यटकों के लिए कई विशेष आयोजन किए जा रहे हैं।

**********

भारतीय रिजर्व बैंक ने घोषणा की है कि महात्मा गांधी के चित्र वाली नई सीरीज में एक सौ और दौ सौ रुपये के बैंकनोट शीघ्र जारी करेगा। रिजर्व बैंक के अनुसार इन नोटों का डिजाइन महात्मा गांधी के चित्र वाले मौजूदा एक सौ और दो सौ रुपये के बैंकनोटों से मिलता–जुलता होगा। रिजर्व बैंक ने स्पष्ट किया कि पूर्व में जारी किए गए सभी एक सौ और दौ सौ रुपये के बैंकनोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

**********

ब्रज में 40 दिनों तक चलने वाले रंगोत्सव के क्रम में कल गोकुल में छड़ीमार होली खेली गई। परम्परा के अनुसार छड़ीमार होली के दिन बरसाने के हुरियारे होली मनाने गोकुल जाते हैं। समारोह की शुरुआत श्री कृष्ण के बाल स्वरूप का डोला निकालने से हुई। उधर, वाराणसी में कल मसान की होली के साथ होलिकोत्सव का आयोजन शुरू हो गया। मणिकर्णिका घाट पर इस होली के लिये भव्य आयोजन किया गया। जिसमें जमकर भस्म की होली खेली गयी। बनारस की मसान की होली प्राचीन परंपरा है। यह होली भगवान शिव को समर्पित है।

**********

होली के मद्देनज़र स्वास्थ्य विभाग ने सभी चिकित्साधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

***पूरी तरह से पूरे प्रदेश के सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। जिलाधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि अमन चौन के साथ साथ सभी अस्पतालों को अलर्ट पोर्ट पर रखें। कोई भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। अस्पतालों में सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहेंगी।***

**********

उत्तर रेलवे होली के त्यौहार से पहले यात्रियों की सुविधा के लिए 400 से अधिक विशेष रेलगाडियां संचालित कर रहा है। संवाददाताओं से बातचीत में उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि नई दिल्ली, आनंद विहार और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिनी कंट्रोल रूम और प्रतीक्षालय बनाए गए हैं।

**********

मौसम विभाग ने आने वाले चौबीस घंटों में मौसम शुष्क रहने और तेज़ सतही हवाएं चलने का अनुमान जताया है। वहीं कल और परसों राज्य के पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है।

**********